भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 112
02 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महाराष्ट्र में आयुर्वेद अनुसंधान केन्द्र

112. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) महाराष्ट्र विशेषकर ठाणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में कार्यशील आयुर्वेदीय अनुसंधान केन्द्रों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या ठाणे सहित महाराष्ट्र में कोई नया आयुर्वेदीय अनुसंधान केन्द्र स्थापित करने की योजना है;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं; और
(घ) गत तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान उक्त केन्द्रों में अनुसंधान और विकास के लिए आवंटित निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): भारत सरकार ने आयुर्वेद में वैज्ञानिक तर्ज पर अनुसंधान करने, उनके समन्वय, निरुपण, विकास और प्रचार-प्रसार के लिए आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संगठन के रूप में केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (सीसीआरएएस), नई दिल्ली की स्थापना की है। सीसीआरएएस के तहत निम्नलिखित तीन संस्थान महाराष्ट्र राज्य में कार्यशील हैं:

1. राजा रामदेव आनंदीलाल पोदार (आरआरएपी) केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, मुंबई
2. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, नागपुर
3. क्षेत्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान, पुणे

(ख): आज तक ऐसा कोई प्रस्ताव लंबित नहीं है।

(ग): उपर्युक्त (ख) को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता।

(घ): उपर्युक्त केन्द्रों/इकाइयों के अनुसंधान एवं विकास के लिए बजट आवंटन

लाख रूपए में

राज्य	सीसीआरएएस, नई दिल्ली के अनुसंधान संस्थान/केंद्र	वर्ष			
		2020-21	2021-22	2022-23	2023-24
महाराष्ट्र	आरआरएपी सीएआरआई, मुंबई	569.85	551.24	724.64	1031.44
	आरएआरआई, नागपुर	499.44	522.64	729.63	753.18
	आरएआरआई, पुणे	369.38	371.38	449.50	515.95

*****